आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- देशभर में रोजगार मेले का आयोजन कल–शिमला में होने वाले समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर करेंगे शिरकत।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नालागढ़ में किन्विन औद्योगिक प्लांट का वचुर्अल माध्यम से करेंगे उदघाटन।
- बिजली बोर्ड के कर्मचारियों व इंजीनियरों ने अपनी मांगो को लेकर प्रदेशभर में किया धरना प्रदर्शन–मांगें न माने जाने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी।
- प्रदेश की विभिन्न जेलों के कैदियों द्वारा तैयार उत्पादों पर तीन दिवसीय बिक्री व प्रदर्शनी शिमला में शुरू।

<u>प्रधानमंत्री रोजगार मेला</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये नव–नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला पूरे देश के 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के जरिये बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। इस पोर्टल पर 14 सौ से अधिक ई–लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध है। ये पाठ्यक्रम युवाओं को अपना कार्य प्रभावशाली तरीके से करने के आवश्यक कौशल सिखाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में कार्य करने के लिए तैयार करेंगे।

इस बीच शिमला में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस मौके पर सैंकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

<u>औद्योगिक प्लांट</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सोलन ज़िले के नालागढ़ में किन्विन औद्योगिक प्लांट का वर्चुअल माध्यम से उदघाटन करेंगे। यह प्लांट देश में 50 फीसदी एंटीबायोटिक के कच्चे माल की मांग को पूरा करेगा। उद्योग मत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि इस प्लांट के निर्माण पर 5 सौ करोड़ रूपये की लागत आई है। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी मौजूद रहेंगे।

<u>बिजली बोर्ड हड़ताल</u>

राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आज अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। ये कर्मचारी बोर्ड में 51 इंजीनियर के पद खत्म करने और 81 चालकों की सेवाएं समाप्त करने का विरोध कर रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता––––––

*डिस्पैच– शिमला स्थित बिजली बोर्ड मुख्यालय कुमार हाउस में आपात बैठक कर बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। ऐसा ही प्रदर्शन के प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी किया गया। बोर्ड के कर्मचारी और इंजीनियर बोर्ड में इंजीनियरों के 51 पद खत्म करने और 81 आउटसोर्ड चालकों की सेवाएं समाप्त करने का विरोध करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। बोर्ड के कर्मचारी–अधिकारी ज्वाईंट फ्रंट के सह–संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड की दशा सुधारने की बजाए सरकार इसे खत्म करने की साजिश रच रही है। दीपावली को देखते हुए आंदोलन को कुछ दिनों के लिए टाला गया है और यदि सरकार कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानती तो टूल डाउन और पैन डाउन हड़ताल का ऐलान किया जाएगा।*

*दूसरी उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान का कहना है कि बिजली बोर्ड में राजनीतिक आधार पर नौकरियां दी जाती रही हैं और इसमें सुधार करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड में 14 हज़ार कर्मचारी हैं जो दूसरे राज्यों के मुकाबले बहुत अधिक हैं।*

*बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने अन्य कर्मचारियों की तर्ज पर सरकार से उन्हें पुरानी पैंशन योजना बहाल करने की मांग भी की है।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

## वेतन–पेंशन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की घोषणा के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों और पैंशनरों को दिवाली से चार दिन पहले आज वेतन और पैंशन जारी कर दी गई है। इसकी अदायगी एक जनवरी 2023 से, अतिरिक्त चार फीसदी महंगाई भत्ते के साथ की गई है। विभिन्न बोर्डों और निगमों के कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मियों, आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, दिहाड़ीदारों व मल्टी टास्क कर्मचारियों को भी वेतन अदायगी की गई है।

## प्रदर्शनी

कैदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर तीन दिवसीय बिक्री व प्रदर्शनी आज से शिमला के रोटरी क्लब में शुरू हुई। कारागार व सुधार सेवाएं महानिदेशक संजीव रंजन ओझा ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न जेलों के कैदियों को अनेक प्रकार के उत्पाद बनाने के कार्य से जोड़ा गया है और दीपावली को देखते हुए इन उत्पादों की बिक्री के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने लोगों से कैदियों द्वारा तैयार उत्पादों की खरीद करने की अपील की है ताकि कैदियों का उत्थान हो सके।

## जयंती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हर साल 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है। दीपावली के कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्तूबर की बजाए 29 अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया है।

इस बीच भाजपा द्वारा प्रदेशभर में 29 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

## पांगी मांग

चंबा ज़िले के पंगवाल एकता मंच ने जनजातीय पांगी घाटी में प्राथमिक स्कूलों में अध्यापकों के खाली पड़े लगभग 50 पदों को जल्द भरने की सरकार से मांग की है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के 8 स्कूलों के सेंटर स्कूल पुर्थी में जेबीटी अध्यापकों के सभी तीन पद भी खाली हैं, जिन्हें तुरंत भरा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भी पंगवाल एकता मंच की ओर से ज्ञापन भेजा गया है।

## भेंट

राज्य जिओग्राफिकल सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. डी. डी. शर्मा के नेतृत्व मे ंआज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल से भूगोल विषय को सभी स्कूलों और कॉलेजों में एक आवश्यक विषय के रूप में शामिल करने का आग्रह किया। डी.डी. शर्मा ने कहा कि इस समय प्रदेश के लगभग 13 फीसदी स्कूलों व 44 फीसदी कॉलेजों में भूगोल विषय की शिक्षा दी जा रही है और ये एक रोजगारोन्मुखी विषय है।

## युवा आपदा मित्र योजना

युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय कैडेट कोर, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स व गाइड्स के दो लाख 37 हजार से अधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 20वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान आज नई दिल्ली में इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक स्वयंसेवकों को आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना है। इस अवसर पर गोविंद मोहन ने कहा कि इसके तहत कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि आने वाले समय में यह युवा आपदा मित्र समाज के प्रथम पंक्ति रक्षक बनने के लिए तैयार होंगे।

## जागरूकता सप्ताह

आज से देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना है। सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। इसे शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। सप्ताह का पालन मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों में लोक सेवकों द्वारा शपथ लेने के साथ शुरू होगा। इस दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे। हर वर्ष इसका आयोजन भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन वाले सप्ताह में किया जाता है।